Title: Need for early construction of Masan Dam Project to check floods in North Bihar - Laid.

डॉ0 मदन प्रसाद जायसवाल(बेतिया): मैं सरकार का ध्यान उत्तरी बिहार के मसान डैम परियोजना की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस डैम को 1873 से बनाने का विचार किया जा रहा है और 1982 में इस योजना को स्वीकृति मिली, इसको पांच वर्ा में पूरा किया जाना था। इस योजना के तहत 350 वर्ग किलोमीटर जलग्रहण क्षेत्र में मसान नदी के ऊपर 85 फुट ऊँचे और 5220 वर्ग किलोमीटर लम्बे बांध का निर्माण किया जाना था जिससे उत्तर बिहार के वर्ाा के पानी से सिंचाई की जा सके। प्रत्येक वर्ा बरसात के समय उत्तर बिहार में बाढ़ आती है और करोड़ों रूपये की फसल नट हो जाती है। प्रलयकारी बाढ़ से लाखों लोग बेघर हो जाते हैं। मसान नदी पर प्रत्येक वर्ा की बाढ़ से पश्चिम और पूर्व चम्पारण क्षेत्रों का विकास नही हो पा रहा है।

सरकार से अनुरोध है कि उत्तर बिहार को स्थाई रूप से बाढ़ से निजात पाने के लिए मसान डैम निर्माण परियोजना को शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जाए और इस डैम के कार्यो की समीक्षा की जाये कि अठारह साल बीत जाने के बाद इसका निर्माण कार्य क्यों नहीं किया जा सका।